आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–12 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में अपने भाषण में इस बात का व्यापक विवरण दिया कि इस वर्ष का बजट देश के आर्थिक परिवर्तन में किस प्रकार योगदान देगा। लोकसभा में बजट पर वित्त मंत्री के जवाब का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने रिफॉर्म एक्सप्रेस, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, एमएसएमई को समर्थन, कौशल विकास, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और शिक्षा पर जोर दिया।

****

विधानसभा में बजट सत्र के चौथे दिन एक प्रश्न के जवाब में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश में बारह लाख करोड़ रूपये से अधिक का निवेश आया है। पन्द्रह लाख से अधिक कर्मकारों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इंडस्ट्रियल ग्रोथ ग्यारह दशमलव नौ है जबकि उत्तर प्रदेश का ग्रोथ पच्चीस फीसदी है। ये सभी आंकड़े प्रदेश की समृद्धि को दर्शाते है।

****

प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट में कृषि उत्पादन वृद्धि, एग्री–इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, प्राकृतिक खेती, सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई तथा किसान उत्पादक संगठनों के सशक्तीकरण हेतु महत्वपूर्ण बजटीय प्रावधान किया है। एक रिपोर्ट–

वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट में कृषि योजनाओं के लिए लगभग 10 हजार 888 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वित्त वर्ष 2025–26 की तुलना में इस बजट में 20 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। वर्ष 2026–27 में 753.55 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न तथा 48.18 लाख मीट्रिक टन तिलहन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। कृषकों के निजी नलकूपों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु 2400 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के लिए 298 करोड़ और उत्तर प्रदेश बीज स्वालंबन नीति 2024 के तहत सीड पार्क विकास परियोजना हेतु 251 करोड़ का प्रावधान किया गया है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रतिक्रिया देते हुए बजट को विकसित उत्तर प्रदेश–दो हजार सैंतालीस के विराट संकल्प का सशक्त रोडमैप बताया है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लोक भवन में प्रदेश की कानून–व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली, महाशिवरात्रि और रमजान सहित विभिन्न पर्व एवं त्योहारों के दौरान शान्ति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि 02 से 04 मार्च तक होली का पर्व मनाया जाएगा। शोभा यात्राओं में उपद्रवी तत्वों की घुसपैठ किसी भी स्थिति में न होने पाए। रंग में भंग डालने वालों, के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।

मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।

****

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई इस वर्ष से कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन–स्क्रीन मार्किंग लागू करेगा। हालांकि, कक्षा 10 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले की तरह ही भौतिक रूप से किया जाएगा।

सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि बोर्ड ने दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए इस वर्ष की परीक्षा से कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन–स्क्रीन मार्किंग शुरू करने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने इस वर्ष से कक्षा 10 की द्वितीय बोर्ड परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगी जो अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहते हैं। बोर्ड ने बताया कि कल सुबह 11 बजे परीक्षा संचालन और ऑन–स्क्रीन मार्किंग के दिशानिर्देशों को समझाने के लिए एक लाइव वेबकास्ट का आयोजन किया जायेगा।

****

लोकसभा में आज औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक 2026 विचार विमर्श और पारित करने के लिए पटल पर रखा गया। यह विधेयक औद्योगिक संबंध संहिता 2020 में संशोधन करता है। इसका उद्देश्य 2020 के औद्योगिक संबंध संहिता से जुड़े कुछ कानूनों में बदलावों की निरंतरता को लेकर भविष्य में होने वाली अनावश्यक जटिलताओं से बचने के उपाय करना है। श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने सदन में यह विधेयक पेश किया।

ट्रेड यूनियन एक्ट 1926, द इंडस्ट्रियल एंप्लॉयमेंट एक्ट 1946 एंड इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट एक्ट 1947 ।ये तीन एक्ट पुराने थे। इन तीनों को समाहित करके एक नया कोड लाया गया। ये एक्ट में शामिल हो जाए इस उद्देश्य के साथ एक छोटा सा अमेंडमेंट थे,रिपिल ऑलरेडी सरकार ने कर दिया है। मैं सदन को अनुरोध करता हो कि अमेंडमेंट को स्वीकार करें और पारित करें।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक अगले दो दिनों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। उसके बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगभग 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

****